फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.), मुकाम–सिरोही(राज.

प्रार्थी		अप्रार्थी
1. संतोष देवी पत्नि स्व. उत्तम कुमार 2. सेजल पुरोहीत पुत्री स्व. उत्तम कुमार 3. रिया पुरोहीत पुत्री स्व. उत्तम कुमार जतियान पुरोहीत निवासीगण मनोरा तहसील व जिला सिरोही	बनाम	1.स्टेट, जरिये तहसीलदार, सिरोही

किस्म मुकदमा,

राजस्व प्रा.पत्र अ.धारा 136 एल.आर एक्ट   रा.प्रा.पत्र सं. 19/2024

दिनांक	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
28–01–25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी की ओर वकील श्री जितेन्द्रसिंह देवडा व स्टेट की ओर से पेरोकार सरकार उपस्थित । अप्रार्थी स्टेट ने जरिये पत्रांक/कोर्ट/2024/1244 दिनांक 04–12–2024 से प्रस्तुत जवाब को शामिल मिसल किया, प्रति वकील प्रार्थीगण को उपलब्ध करवाई गई । तहसीलदार सिरोही से प्राप्त जवाब अनुसार प्रार्थी संतोष देवी व अन्य खातेदारों के मौजा मनोरा की जमाबंदी संवत् 2070–2073 के खाता सं. 226, 228 के खसरा संख्या 481, 482, 486 व 487 रकबा क्रमशः 0.88 हैक्टयर व 3.54 हैक्टयर भूमि स्थित है। राजस्व रेकर्ड जमाबंदी में प्रार्थीगण संतोषी बाई पत्नि शांतिलाल, रेशमा पुत्री शांतिलाल, सेजल पुत्री शांतिलाल का नाम आधार कार्ड, मार्कशीट(मा.शिक्षा बोर्ड राज.) के अनुसार प्रार्थीगण का नाम संतोषदेवी, रिया पुरोहीत, सेजल पुरोहीत दर्ज है। संतोषीबाई पत्नि शांतिलाल से संतोष देवी पत्नि उतमकुमार, रेशमा, सेजल पुत्रीयां शांतिलाल को शुद्व कर रिया पुरोहीत, सेजल पुरोहीत पुत्रीयां उतम कुमार किया उचित रहेगा। प्रकरण में वकील प्रार्थीगण व पेरोकार सरकार द्वारा अंतिम बहस हेतु निवेदन पर वकील प्रार्थीगण व पेरोकार सरकार की अंतिम बहस सुनी गई। हमने वकील प्रार्थीगण व परोकार सरकार की अंतिम बहस का गंभीरता पूर्वक मनन किया, विचरण प्रकरण की सम्पूर्ण पत्रावली व दस्तावेजात व तहसीलदार सिरोही द्वारा प्रस्तुत जवाब का भी गहनतापूर्वक अवलोकन कर उस पर मनन किया । सम्पूर्ण प्रकरण के विवेचन के उपरान्त प्रार्थीगण का यह प्रार्थना पत्र अधारा 136 एल.आर एक्ट का तहसीलदार से प्राप्त जवाब के आधार पर स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाकर तहसीलदार सिरोही को आदेश दिया जाता है कि ग्राम मनोरा के जमाबंदी संवत् 2070–2073 के खाता संख्या 226 व 228 कुल रकबा क्रमशः 0.88 हैक्टयर व 3.54 हैक्टयर में गलत नाम संतोषीबाई पत्नि शांतिलाल से सही नाम संतोष देवी पत्नि उतमकुमार व रेशमा, सेजल पुत्रीयां शांतिलाल के स्थान पर सही नाम रिया पुरोहीत, सेजल पुरोहीत पुत्रीयां उतम कुमार संशोधन कर उक्तानुसार राजस्व रेकर्ड जमाबंदी अपडेट कर पालना से इस न्यायालय को अवगत करावें **लैण्ड रिकॉर्ड ऑफिसर (एस.डी.ओ.)** **सिरोही** लैण्ड रिकार्ड ऑफिसर (उपखण्ड अधिकारी) सिरोही (राज॰)	

न्यायालय लैण्ड रिकार्ड ऑफिसर सिरोही (राज.) सत्यमेव जयते